***यीषु ने अपना महिमामय सिहांसन आपके लिए छोड़ दिया;***
***आपको अपना सिहांसन उसके लिए छोड़ना कितना कठिन लगता है?***

नया नियम हमें एक ऊँचे रूतबे वाले व्यक्ति के बारे में बताता है जो यीषु का अनुसरण नहीं कर सका क्योंकि वह व्यक्ति अपने धन से बहुत अधिक प्यार करता था। आप स्वयं इस घटना को लूका 18 में पढ़ सकते हैं। यीषु ने इस मुलाकात का सारांष करते हुए कहा कि धनी लोगों के लिए अपने धन का नियंत्रण किसी और के हाथ में, यहां तक कि परमेष्वर के हाथ में सौंपना भी कितना कठिन है।

लोग केवल धन के नियंत्रण के बारे में ही संघर्ष नहीं करते। अधिकतर समय लोगों को अपनी राय त्यागना, किसी परिश्रम को बंद करना और कुछ संघर्षों को छोड़ देना कठिन लगता है, चाहे वे जानते ही क्यों न हों कि वे परमेष्वर के वचन और इच्छा के विपरीत जा रहे हैं। यीषु के प्रभुत्व की आधीनता में आने का अर्थ है उसे अपने जीवन के सिहांसन पर बैठाना। यीषु ने अपना महिमामय सिहांसन आपके लिए छोड़ दिया; आपको अपना सिहांसन उसके लिए छोड़ना कितना कठिन लगता है?

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रभु, आपने अपना पुत्र यीषु मेरे लिए बलिदान कर दिया। मेरे लिए अपने जीवन का नियंत्रण आपको सौंप देना तो कुछ भी नहीं है। मैं जानता हूँ कि मेरे जीवन के लिए आपके पास अच्छी योजना है। मेरे जीवन के वे क्षेत्र पहचानने में सहायता करें जिन पर अभी भी मेरा नियंत्रण है। केवल आप ही परमेष्वर हैं!

*आज के लिए वचन*

मरकुस 8:35–36 क्योंकि जो कोई अपना प्राण बचाना चाहे वह उसे खोएगा, पर जो कोई मेरे और सुसमाचार के लिये अपना प्राण खोएगा, वह उसे बचाएगा। यदि मनुष्य सारे जगत को प्राप्त करे और अपने प्राण की हानि उठाए, तो उसे क्या लाभ होगा?

***प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ सीखने का उम्मीद्वार है***

प्रषांत महासागर के सबसे गहरे तल की गहराई कितने मिलीमीटर होगी? या, क्या आप मुझे बता सकते हैं कि नॉर्थ स्टार की दूरी पृथ्वी के सबसे समीपी बिन्दू से कितने किलोमीटर है? यदि आप ये बातें नहीं जानते तो यह कहना ठीक होगा कि आप अभी सबकुछ नहीं जानते हैं और, मैं आपसे यह कहना चाहूँगा कि यदि आप सबकुछ नहीं जानते तो आप कुछ न कुछ सीखने के उम्मीद्वार हैं।

शायद आप यह जानकर हैरान हो जाएं कि संसार में ऐसे लोग भी हैं, कुछ जवान, कुछ बुजुर्ग, कुछ अधिक बुद्धिमान और कुछ कम बुद्धिमान, कुछ धनी, कुछ निर्धन, कुछ षिक्षित, और कुछ अनपढ़, जो वे बातें जानते हैं जिन्हें आप नहीं जानते। अपने आप को कभी इतना अभिमानी या घमण्डी न बना लें और आप ऐसा सोचने लग जाएं कि आप दूसरों से कुछ नहीं सीख सकते। अपने आप को दीन करें, एक अच्छा श्रोता बनें और दूसरों का मूल्य जानें, चाहे आप अपने आप को कितना ही समझदार क्यों न समझते हों। प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ सीखने का उम्मीद्वार है!

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेष्वर, मुझे अपने घमण्ड और अभिमान का सामना करने में सहायता करें। मैं घमण्डी सोच वाला व्यक्ति बन कर अपने आप को दूसरों से ऊपर नहीं उठाना चाहता और न ही मैं पक्षपाती बनना चाहता हूँ। आज मैं चयन करता हूँ कि मैं दीनता में जीऊँगा और अन्य षिक्षकों तथा अपने जीवन में आने वाली परिस्थितियों से सीखने के लिए अपने हृदय और मन को खुला रखूँगा। हे प्रभु, मुझे कुछ नया सिखाने के लिए आज के दिन को इस्तेमाल करें।

*आज के लिए वचन*

edit copy

1 तीमुथियुस 6:17 इस संसार के धनवानों को आज्ञा दे, कि वे अभिमानी न हों और चंचल धन पर आशा न रखें, परन्तु परमेश्वर पर जो हमारे सुख के लिये सब कुछ बहुतायत से देता है।

1 पतरस 5:6 इसलिये परमेश्वर के बलवन्त हाथ के नीचे दीनता से रहो, जिस से वह तुम्हें उचित समय पर बढ़ाए।

याकूब 4:10 प्रभु के साम्हने दीन बनो, तो वह तुम्हें शिरोमणि बनाएगा।

## ***क्रोध में लिए गए निर्णय शायद ही किसी के लिए लाभकारी होते हैं***

हमारे कारागार उन लोगों से भरे पड़े हैं जिन्होंने अपने क्रोध के एक क्षण में एक ऐसा निर्णय ले लिया जो किसी न किसी के लिए हानिकारक प्रमाणित हुआ। वैवाहिक संबंध इसलिए टूट जाते हैं क्योंकि मूर्खतापूर्ण और घातक शब्द बोले जाते हैं और बे—लगाम क्रोध में निर्णय लिए जाते हैं। लोगों ने अपने निर्णय के दीर्घकालीन प्रभाव के बारे में सोचे बिना ही झुँझलाहट और क्रोध में आकर अपनी नौकरियां छोड़ दी हैं। यहां तक कि कलीसियाई जगत में भी क्रोधी क्षणों में लिए गए निर्णयों के कारण ईष्वरीय बुलाहटें समाप्त हो गई हैं।

तथापि, क्रोध ही हमेषा समस्या नहीं है। बल्कि समस्या अक्सर वह होती है जो हम उन क्रोधी क्षणों में कह या कर बैठते हैं। बाइबल हमें बताती है कि क्रोध तो करो परन्तु पाप मत करो। और न ही हमें यह अनुमति दी गई है कि सूर्यास्त तक हमारा क्रोध बना रहे। झुँझलाहट भरी परिस्थितियों से निपटने के लिए परमेष्वर से सहायता मांगें और अपने क्रोध पर आधारित निर्णय न लें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, किसी भी परिस्थिति में क्रोध में कोई कदम उठाने या बोलने से पहले पीछे हटकर उस परिस्थिति को परखने के द्वारा आज मुझे अपने क्रोध पर नियंत्रण करने में मेरी सहायता करें। मैं जानता हूँ कि यदि मैं अपनी आत्मा को आपके आत्मा के नियंत्रण में सौंप दूँ तो मैं अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाऊँगा।

*आज के लिए वचन*

याकूब 1:20 क्योंकि मनुष्य का क्रोध परमेश्वर के धर्म का निर्वाह नहीं कर सकता है।

इफिसियों 4:26 क्रोध तो करो, पर पाप मत करोः सूर्य अस्त होने तक तुम्हारा क्रोध न रहे।

सभोपदेषक 7:9 अपने मन में उतावली से क्रोधित न हो, क्योंकि क्रोध मूर्खों ही के ह्रदय में रहता है।

## ***अधिकार केवल उन लोगों को ही दिया जाना चाहिए जो जिम्मेदारी निभाते हैं***

प्रत्येक व्यक्ति दूसरों पर प्रभाव डालना चाहता है और बहुत लोग अपने आप को अधिकार वाले स्थान पर देखना चाहते हैं ताकि वे अपनी समझ के अनुसार निर्णय ले सकें और सब काम अपने तरीके से कर सकें। यह मानना एक मानवीय प्रवृत्ति है कि हमारी सोच सही है और हमारे सुझावों को माना जाना चाहिए। तथापि, ऐसे लोग ढूँढना आसान नहीं हैं जो यह जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं कि वे काम पूरा करेंगे, सबकुछ व्यवस्थित रखेंगे, या कुछ गलत हो जाने पर दोष भी स्वीकार करेंगे। अधिकार तो बहुत लोग चाहते हैं, परन्तु बहुत लोग जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं।

जब परमेष्वर अपने राज्य का अधिकार सौंपने के लिए किसी व्यक्ति को ढूँढता है, तो वह ऐसे व्यक्ति को ढूँढता है जो परमेष्वर के राज्य की जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी तैयार हो। अर्थात् ऐसा व्यक्ति जो परमेष्वर के वचन के अनुसार जीने और अपने यरूषलेम, यहूदिया, सामरिया और पृथ्वी की छोर तक

edit copy

परमेष्वर के वचन को सिखाने के द्वारा परमेष्वर के राज्य की प्रगति और प्रसार की व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाए। आप क्या चाहते हैं? अधिक अधिकार या अधिक जिम्मेदारी? अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाना चाहिए जो जिम्मेदारी निभाते हैं।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे पिता, अपने राज्य के कार्य के लिए मुझे और अधिक जिम्मेदार बनाएं। बड़ा गवाह बनने में मेरी सहायता करें और मेरी जिम्मेदारी के अनुसार ही मुझे अधिकार दें।

*आज के लिए वचन*
नीतिवचन 29:2 जब धर्मी लोग शिरोमणि होते हैं, तब प्रजा आनन्दित होती है; परन्तु जब दुष्ट प्रभुता करता है तब प्रजा हाय मारती है।

मत्ती 7:29 क्योंकि वह उन के शास्त्रियों के समान नहीं परन्तु अधिकारी के समान उन्हें उपदेश देता था।।

मत्ती 8:9 क्योंकि मैं भी पराधीन मनुष्य हूं, और सिपाही मेरे हाथ में हैं, और जब एक से कहता हूं, जा, तो वह जाता है; और दूसरे को कि आ, तो वह आता है; और अपने दास से कहता हूं, कि यह कर, तो वह करता है।

## ***हम जो कुछ करते हैं और हमें जो कुछ मिलता है, वह हमारे चयनों पर आधारित होता है***

हम जो कुछ सोचते हैं, हम जो कुछ महसूस करते हैं, और हम जो कुछ चाहते हैं, वह सब हमारे विष्वास पर आधारित होता है। तथापि, हम जो कुछ करते हैं और हमें जो कुछ मिलता है, वह हमारे चयनों पर आधारित होता है। यदि कोई व्यक्ति अपने विष्वास को बदलकर परमेष्वर के वचन से अनुसार मिला ले और परमेष्वर के वचन पर चले, तब उनकी सोच, उनके एहसास उनकी चाहतें, उनके काम और अंत में उनके जीवन का प्रतिफल बदल जाएगा। क्योंकि जब आप परमेष्वर के वचन पर विष्वास करते हैं और परमेष्वर के वचन के अनुसार कार्य करते हैं तब आपको वह सब मिलता है जिसकी प्रतिज्ञा परमेष्वर के वचन में की गई है। आज ही फैसला कर लें कि आप अपने अनुभव और जीवन के हालातों से बढ़कर परमेष्वर के वचन पर विष्वास करेंगे। साथ ही, यह समर्पण भी करें कि आप अपना जीवन परमेष्वर के वचन के अनुसार जीएंगे और उसकी इच्छा के अनुसार ही चयन करेंगे। ऐसा करने से आप अपने जीवन को धीरे धीरे बदलता हुआ देखेंगे, जब तक कि आप इस संसार में परमेष्वर के राज्य का प्रतिबिम्ब और प्रकटीकरण न बन जाएं।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे पिता, आपके वचन को सत्य के रूप में स्वीकार करने में मेरी सहायता करें। और इससे मेरे शब्दों और कार्यों में बदलाव आ जाए। मैं आपकी इच्छा का चयन करता हूँ।

*आज के लिए वचन*
याकूब 1:22 परन्तु वचन पर चलनेवाले बनो, और केवल सुननेवाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं।

यूहन्ना 17:17 सत्य के द्वारा उन्हें पवित्र करः तेरा वचन सत्य है।

प्रेरित 20:32 और अब मैं तुम्हें परमेश्वर को, और उसके अनुग्रह के वचन को सौंप देता हूं; जो तुम्हारी उन्नति कर सकता है, और सब पवित्रों में साझी करके मीरास दे सकता है।

edit copy

***हो सकता है कि परमेष्वर आपके द्वारा कार्य करने से पहले आपमें और आप पर कार्य करे***

क्या होता अगर आपको लगता कि आप दिमाग का सर्जन बनना चाहते हैं? उससे बढ़कर, यह कल्पना करें कि सर्जरी करने का सारा कौषल भी आपको दिया गया है। क्या केवल ये सब बातें आपको यह नाज़ुक कार्य करने के योग्य बना देती हैं? नहीं! मैं मानता हूँ कि इसके लिए आपको कुछ षिक्षा, प्रषिक्षण, अनुभव प्राप्त करने के लिए कुछ अभ्यास की भी आवष्यकता पड़ेगी और शायद कुछ समय तक अपने आप को योग्य प्रमाणित करने के बाद आपकी सक्षमता पहचान ली जाए, उसकी सराहना की जाए और उसका उपयोग करके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलें। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ऐसा ही होता है। हमारी सक्षमता तभी वास्तव में सक्षमता कहलाती है जब हम अपनी बुलाहट को पूरा करने के लिए पूर्णतः तैयार हो जाते हैं। जीवन के विवाह, परिवार और सेवकाई जैसे गंभीर क्षेत्रों के लिए जीवनभर निरंतर प्रषिक्षण की आवष्यकता रहती है। हालाँकि परमेष्वर अपने राज्य की बढ़ौत्तरी के लिए आपको इस्तेमाल करना चाहता है, परन्तु फिर भी परमेष्वर आपके द्वारा कार्य करने से पहले आपमें और आप पर कार्य करेगा।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, मुझे अनुग्रह दें कि मैं अपनी बुलाहट और तैयारी के समय को स्वीकार कर सकूँ ताकि आपने जिस कार्य के लिए मुझे बुलाया है उसे पूरा करने के लिए मैं पूर्णतः योग्य हो सकूँ।

*आज के लिए वचन*

इफिसियों 4:11–12 और उस ने कितनों को प्रेरित नियुक्त करके, कितनों को भविष्यवक्ता नियुक्त करके, और कितनों को सुसमाचार सुनानेवाले नियुक्त करके, और कितनों को रखवाले और उपदेशक नियुक्त करके दे दिया। जिस से पवित्र लोग सिद्ध हो जाएं, और सेवा का काम किया जाए, और मसीह की देह उन्नति पाए।

फिलिप्पयों 2:13 क्योंकि परमेश्वर ही है, जिस ने अपनी सुइच्छा निमित्त तुम्हारे मन में इच्छा और काम, दोनों बातों के करने का प्रभाव डाला है।

***आपके नए प्रारम्भ में एक ऐसा स्थान भी आता है जहां से शैतान आपको वापिस नहीं ले जा सकता***

अपने जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास आरम्भ में कठिन लगता है, और उसे पूरा करना लगभग असम्भव प्रतीत होता है। जीवन परिवर्तन विषेषकर उन लोगों के लिए कठिन होता है, जो बुरी आदतों या बुरे व्यवहार के तरीकों में बंधे हुए हैं। साधारणतः अनुभव यह होता है कि ऐसे व्यक्ति तीन कदम आगे बढ़ते हैं और दो कदम दोबारा पीछे आ जाते हैं। ऐसा लगता है कि सुधार की ओर बढ़ने वाले प्रत्येक कदम पर असफल होने, व्यवहार के पुराने तरीके में वापस चले जाने और दोबारा पाप करने के प्रलोभन बार बार सामने आते हैं। कई लोग अपने जीवन परिवर्तन के मार्ग में तनावग्रस्त हो जाते हैं और प्रयास करना छोड़ देते हैं। वे महसूस करते हैं कि वे ऐसा कभी नहीं कर पाएंगे। वे गलत हैं। आपके नए प्रारम्भ में एक ऐसा स्थान भी आता है जहां से शैतान आपको वापस नहीं ले जा सकता। अपने आप को परमेष्वर के वचन के अनुसार सुधार के सही मार्ग पर ले आएं और उसी मार्ग पर बने रहें। इसमें कोई समस्या नहीं है कि आप परमेष्वर की इच्छा पूरी करने के द्वारा इन प्रलोभनों से बाहर नहीं जी सकते, उनसे आगे नहीं बढ़ सकते या उनसे आगे नहीं बने रह सकते। यदि आप गिरते हैं, तो उठ खड़े हों, अपने आप को झाड़ कर साफ करें और फिर से प्रयास करें ... आप अवष्य सफल होंगे।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, यह समझने में मेरी सहायता करें कि असफलता हार नहीं होती और न ही आप सफलता को मुझ से दूर रखे हुए हैं। शैतान को मुझ से दूर रखें कि वह सहन करने की मेरी क्षमता से अधिक मुझे परीक्षा में न डाले और मुझे हर असफलता से बाहर निकलने में मेरी सहायता करें, यीषु के नाम में, आमीन।

*आज के लिए वचन*

edit copy

निर्गमन 14:13 मूसा ने लोगों से कहा, डरो मत, खड़े खड़े वह उद्धार का काम देखो, जो यहोवा आज तुम्हारे लिये करेगा; क्योंकि जिन मिस्त्रियों को तुम आज देखते हो, उनको फिर कभी न देखोगे।

1 कुरिन्थियों 10:13 तुम किसी ऐसी परीक्षा में नहीं पड़े, जो मनुष्य के सहने से बाहर हैः और परमेश्वर सच्चा हैः वह तुम्हें सामर्थ से बाहर परीक्षा में न पड़ने देगा, बरन परीक्षा के साथ निकास भी करेगा; कि तुम सह सको।।

### *आपकी सफलता अधिकतर बार दूसरों के कारण आती है ... इसलिए कृपाल बनें*

मैं एक कलीसिया का पासबान हूँ, कई लोगों की नज़रों में यह एक बहुत बड़ी और सफल कलीसिया है। हमनें कई मिषनरियों को प्रषिक्षित और स्थापित किया है, कलीसियाएं बनाई हैं, अनाथालाय बनाए हैं, दवाएं उपलब्ध करवाई हैं, भोजन केन्द्र बनवाए हैं, और इस समय लगभग सारे संसार में हमारे प्रतिनिधि है। परमेष्वर ने जो सेवकाई मुझे सौंपी है, उसमें कार्य कभी नही थमता है। तथापि, सफलताएं मेरी नहीं हैं। हालाँकि हम सारी महिमा परमेष्वर को देते हैं, फिर भी यदि लोग इस दर्षन में शामिल न होते, अपने संसाधन समर्पित न करते और इस काम में अपने हाथ न लगाते तो इनमें से कोई भी काम पूरा नहीं हो पाता। जबकि मुझ से भी अधिक क्षमता वाले महान लोग अपनी सेवकाई को बचाने के प्रयास में जुटे हुए हैं, वहीं मेरी सेवकाई प्रफुल्लित हो रही है। क्यों? क्या यह परमेष्वर के अनुग्रह के कारण है? शायद कहीं न कहीं है भी, परन्तु मैं समझता हूँ कि हमारी अधिकतर सफलता दूसरों पर निर्भर होती है जो अपने समय, कौषल और संसाधनों का योगदान देते हैं और हमारे उत्पाद खरीदते हैं या हमारे गीत गाते हैं। इसलिए दूसरों के प्रति कृपाल बनें रहें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय परमेष्वर, मेरी सहायता करें कि मैं अपने बारे में आवष्यकता से अधिक न सोचूँ बल्कि यह जान लूँ कि आप ने मुझे दूसरों के साथ एक ही टीम में रखा है जो मेरे साथ एक ही लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य कर रहे हैं। मुझे मेरी टीम के सदस्यों की सराहना करना और उन लोगों के प्रति कृपाल बनना सिखाएं जो मेरे दर्षन में सहयोग देते हैं। आमीन।

*आज के लिए वचन*

रोमियों 12:3 क्योंकि मैं उस अनुग्रह के कारण जो मुझ को मिला है, तुम में से हर एक से कहता हूं, कि जैसा समझना चाहिए, उस से बढ़कर कोई भी अपने आप को न समझे पर जैसा परमेश्वर ने हर एक को परिमाण के अनुसार बांट दिया है, वैसा ही सुबुद्धि के साथ अपने को समझे।

1 कुरिन्थियों 12:21–22 आंख हाथ से नहीं कह सकती, कि मुझे तेरा प्रयोजन नहीं, और न सिर पांवों से कह सकता है, कि मुझे तुम्हारा प्रयोजन नहीं। परन्तु देह के वे अंग जो औरों से निर्बल देख पड़ते हैं, बहुत ही आवश्यक हैं।

### *हमारे अतीत की उपलब्धियों की अपेक्षा हमारे भविष्य की योजनाओं में अधिक क्षमता है*

जब यूसुफ नौजवान था, जैसाकि उत्पत्ति की पुस्तक में दर्ज है, उस पर उसके पिता की कृपादृष्टि हुई और उसके कारण उसे एक विषेष और रंग–बिरंगा वस्त्र मिला। यह रंग–बिरंगा बागा उसके भाइयों और अन्य लोगों के लिए एक चिह्न था कि उसका एक विषेष रूतबा है और वह सबसे अधिक प्रिय बेटा है। बाद में यूसुफ अपने आप को परदेस में एक गुलाम के रूप में पाता है। फिर से, उसने अपने आप को बहुत अच्छी तरह पेष किया और उसे तरक्की देकर प्रमुख भंडारी बना दिया गया। उस तरक्की के तुरंत बाद यूसुफ पर झूठा दोष लगाया गया और उसे बंदीगृह में डाल दिया गया। वहां रहते हुए, उसने अपने अतीत के द्वार बंद करते हुए एक बार फिर अपने नए दिन के रोमांच का आरम्भ किया और वर्तमान में परमेष्वर ने उसे जो

edit copy

काम दिया था उसे करने में जुट गया। शीघ्र ही यूसुफ प्रधान मंत्री बन गया। ऐसा लग रहा था कि यूसुफ के जीवन में चाहे कोई भी उतार–चढ़ाव आ रहे थे, उन सब के बावजूद वह परिश्रम कर पा रहा था और अपने भविष्य के लिए और भी उत्तम स्थान तैयार कर रहा था। वास्तव में, अंततः यूसुफ मिस्र साम्राज्य का शासक बन गया। यूसुफ अपने जीवन के प्रत्येक उतार–चढ़ाव में कैसे सफल हुआ? वह इस सिद्धांत को समझ गया था कि हमारे अतीत की उपलब्धियों की अपेक्षा हमारे भविष्य की योजनाओं में अधिक क्षमता है। वहीं खिलें जहां आप उगाए गए हैं।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे पिता, आप ने अतीत में मुझे जो भी उपलब्धियां दी हैं उनके लिए आपका धन्यवाद। तथापि, मैं उस क्षमता की ओर देखता हूँ जो आज मेरे पास है। मैं चयन करता हूँ कि मैं अपने भविष्य में सहभागी बनूंगा और वहीं खिलूंगा जहां मैं उगाया गया हूँ।

*आज के लिए वचन*
यिर्मयाह 29:11 क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएं मैं तुम्हारे विषय करता हूँ उन्हें मैं जानता हूँ, वे हानी की नहीं, वरन कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूंगा।

यषायाह 43:18–19 अब बीती हुई घटनाओं का स्मरण मत करो, न प्राचीनकाल की बातों पर मन लगाओ। देखो, मैं एक नई बात करता हूं; वह अभी प्रगट होगी, क्या तुम उस से अनजान रहोगे? मैं जंगल में एक मार्ग बनाऊंगा और निर्जल देश में नदियां बहाऊंगा।

### ***यदि हम सही प्रतीति कर रहे हैं तो प्राण की आवाज़ सर्वोत्तम मित्र है***

मन, इच्छा और भावनाओं के मिश्रण को प्राण कहते हैं। किसी भी व्यक्ति के विष्वास का सहयोग देने के लिए मन तुरंत उचित और तर्कसंगत विवाद प्रस्तुत करता है। मन की पद्यति इस प्रकार है कि यह हमारे विष्वास को सही प्रमाणित करने के लिए कारण ढूँढता है और किसी निर्णय को लागू करने के उद्देष्य से विवाद और अन्य दबाव देने के द्वारा हमारे विष्वास का सहयोग करता है। इसी कारण यदि हम सही प्रतीति कर रहे हैं तो प्राण की आवाज़ सर्वोत्तम मित्र है। तथापि, यदि हम किसी गलत बात की प्रतीति कर रहे हैं तो प्राण हमारी गलती का भी निरंतर सहयोग करता रहता है ताकि हमें हमारे विष्वास के दायरे से बाहर जाने से बचाए रखे। हम जो कुछ सोचते हैं, जो कुछ महसूस करते हैं और जो कुछ चाहते हैं वह सब हमारे विष्वास पर आधारित होता है। इसी कारण, यह महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने उन कारणों, अनुभवों या एहसासों पर भरोसा न रखें जो परमेष्वर के वचन के विरूद्ध जाते हैं। परमेष्वर की इच्छा का अपने एहसासों के अनुसार व्याख्यान करने की बजाय परमेष्वर के वचन के द्वारा अपने आप को जांचें।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रिय पिता, मुझे सुनाई देने वाली सभी आवाज़ों को पहचानने और सभी एहसासों को आपकी इच्छा के रूप में स्वीकार न करने में मेरी सहायता करें। मैं अपने विचारों और कामों को आपके वचन के द्वारा जांचनें का चयन करता हूँ। मुझे सिखाएं कि मुझे क्या प्रतीति करनी चाहिए।

*आज के लिए वचन*
नीतिवचन 3:5–8 तू अपनी समझ का सहारा न लेना, वरन सम्पूर्ण मन से यहोवा पर भरोसा रखना। उसी को स्मरण करके सब काम करना, तब वे तेरे लिये सीधा मार्ग निकालेगा। अपनी दृष्टि में बुद्धिमान न होना; यहोवा का भय मानना, और बुराई से अलग रहना। ऐसा करने से तेरा शरीर भला चंगा, और तेरी हड्डियां पुष्ट रहेंगी।

### ***कुलीनों द्वारा कुलीनोचित व्यवहार करने का दायित्व***

edit copy

फ्रांसीसी भाषा में इसका वास्तविक अर्थ है, कुलीनता की विवषता अर्थात् "कुलीन दायित्व"। इसका सामान्य उपयोग यह बताने के लिए किया जाता है कि धन, शक्ति और सम्मान के साथ साथ जिम्मेदारियां भी आती हैं।

आपकी रगों में एक राजा का शाही खून बह रहा है। आप परमेष्वर के सिहांसन के वारिस और यीषु मसीह के संगी वारिस हैं। आपको परमेष्वर ने इसलिए चुना है कि आप उसके सामने राजा और याजक के रूप में शासन करें। जीवन के इस कुलीन पद के साथ साथ, जिसके लिए आपने नया जन्म पाया है, कुछ दायित्व भी आते हैं। आप जिस राज्य के वारिस हैं उस राज्य की प्रगति और प्रसार के लिए अब आप जिम्मेदार हैं... उठें और चुनौती को स्वीकार करें!

*आज के लिए प्रार्थना*
हे पिता, मुझे अपने शाही परिवार में शामिल करने के लिए आपका धन्यवाद। मुझे अपने दायित्व को समझना सिखाएं और उन्हें जिम्मेदारी के साथ पूरा करने का अनुग्रह दें।

*आज के लिए वचन*
1 पतरस 2:9 पर तुम एक चुना हुआ वंश, और राज–पदधारी, याजकों का समाज, और पवित्र लोग, और (परमेश्वर की) निज प्रजा हो, इसलिये कि जिस ने तुम्हें अन्धकार में से अपनी अद्भुत ज्योति में बुलाया है, उसके गुण प्रगट करो।

गलातियों 4:7 इसलिये तू अब दास नहीं, परन्तु पुत्र है; और जब पुत्र हुआ, तो परमेश्वर के द्वारा वारिस भी हुआ।

प्रकाषितवाक्य 5:10 और उन्हें हमारे परमेश्वर के लिये एक राजा और याजक बनाया; और वे पृथ्वी पर राज्य करते हैं।

### *एक हीरा और कुछ नहीं, केवल कोयले का एक पुराना टुकड़ा है जो भारी दबाव में सुन्दर बन गया है*

बाइबल बताती है कि हमारे वर्तमान क्लेष केवल अस्थाई दबाव हैं जिन्हें परमेष्वर हमारे विरूद्ध नहीं बल्कि हमारे लाभ के लिए उपयोग करता है। यहां तक कि विरोध की आग को भी परमेष्वर हमें शुद्ध करने, ताने और हमें ढालने के लिए उपयोग कर सकता है। बहुत बड़े दबाव के इन गर्म समयों के दौरान हम परमेष्वर के हाथों में ढलने लायक नरम हो जाते हैं और जब आग और दबाव के वे समय समाप्त हो जाते हैं तो हम परमेष्वर के स्वरूप में और अधिक ढल जाते हैं, पहले से अधिक शुद्ध और मूल्यवान बन जाते हैं।

जब आप विरोध और जीवन के दबाव का सामना करते हैं तो उनके कारण आप निराष न हों। उसकी बजाय यह याद रखें कि एक हीरा और कुछ नहीं, केवल कोयले का एक पुराना टुकड़ा है जो भारी दबाव में सुन्दर बन गया है। चुनौतियों के बावजूद, जीवन के प्रत्येक मौसम में आगे बढ़ते जाएं। एक अच्छे सैनिक के समान कठिनाइयों और जीवन के दबावों को सहते जाएं और आपके जीवन में चमत्कार के लिए परमेष्वर के समय और अवसर को आने दें।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रिय प्रभु, जीवन की थका देने वाली प्रक्रियाओं पर ध्यान लगाने की बजाय तैयार हो चुके उत्पाद पर अपना ध्यान लगाने में मेरी सहायता करें। मेरी क्षमता बढ़ाएं और आपकी इच्छा पूरी करने के लिए मुझे और अधिक मूल्यवान बनाएं।

*आज के लिए वचन*

2 कुरिन्थियों 4:17–18 क्योंकि हमारा पल भर का हल्का सा क्लेश हमारे लिये बहुत ही महत्वपूर्ण और अनन्त महिमा उत्पन्न करता जाता है। और हम तो देखी हुई वस्तुओं को नहीं परन्तु अनदेखी वस्तुओं को देखते रहते हैं, क्योंकि देखी हुई वस्तुएं थोड़े ही दिन की हैं, परन्तु अनदेखी वस्तुएं सदा बनी रहती हैं।

अय्युब 23:10 परन्तु वह जानता है, कि मैं कैसी चाल चला हूँ; और जब वह मुझे ता लेगा तब मैं सोने के समान निकलूंगा।

### *शैतान अक्सर आपके द्वारा ही आपसे बात करता है*

हमें बहुत सारी आवाज़ें सुनाई देती हैं जो हमें ऐसे निर्णय लेने के लिए विवाद और राय पेष करती हैं जो उन आवाज़ों के स्त्रोत के पक्ष में होते हैं। एक ऐसी आवाज़ है जिसे कभी कभी पहचानना कठिन हो जाता है, और वह आवाज़ हमारे विरोधी, शैतान की आवाज़ है। प्रेरित पतरस मसीहियों को प्रोत्साहित करता है कि वे कोमल बनें और चौकस रहें क्योंकि उनका विरोधी शैतान दहाड़ने वाले सिंह के समान घूमता फिरता है कि किसे फाड़ खाए ... दृढ़ विष्वास से उसका सामना करें। अक्सर सबसे कठिन युद्ध मन का युद्ध होता है, मुकाबले भरे विचार जो एक दूसरे से मल्लयुद्ध करते हैं, हमारे अनुभवों, कारणों, तर्क, भावनाओं और चाहतों के द्वारा हमसे बातें करते हैं। बहुत बार शैतान हमारे कारणों की आवाज़ का रूप धारण करके हमारे विचारों के द्वारा हमारे पास आता है। शत्रु की आवाज़ को पहचानना सीखें और उसका अनुसरण न करें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे स्वर्गिक पिता, मुझे आपकी आवाज़ और शत्रु की आवाज़ में भिन्नता करना सिखाएं। यीषु के नाम में मुझे विजयी होने के सक्षम बनाएं। मैं जानता हूँ कि आप मुझे इस योग्य बना सकते हैं।

*आज के लिए वचन*

यूहन्ना 10:3–5 उसके लिये द्वारपाल द्वार खोल देता है, और भेड़ें उसका शब्द सुनती हैं, और वह अपनी भेड़ों को नाम ले लेकर बुलाता है और बाहर ले जाता है। और जब वह अपनी सब भेड़ों को बाहर निकाल चुकता है, तो उन के आगे आगे चलता है, और भेड़ें उसके पीछे पीछे हो लेती हैं; क्योंकि वे उसका शब्द पहचानती हैं। परन्तु वे पराये के पीछे नहीं जाएंगी, परन्तु उस से भागेंगी, क्योंकि वे परायों का शब्द नहीं पहचानती।

यूहन्ना 10:27 मेरी भेड़ें मेरा शब्द सुनती हैं, और मैं उन्हें जानता हूं, और वे मेरे पीछे पीछे चलती हैं।

### *आपके जीवन के लिए परमेष्वर का उद्देष्य आपकी सबसे बड़ी सक्षमता है*

नदी अपने स्त्रोत से ऊपर कभी नहीं उठ सकती और न ही मनुष्य अपने जीवन के लिए परमेष्वर की इच्छा और उद्देष्य को पूरा करने से बेहतर कुछ और कर सकता है। किसी व्यक्ति में चाहे कितने भी वरदान और कौषल क्यों न हों, अतीत में चाहे उसने कितनी भी उपलब्धियां या लक्ष्य क्यों न प्राप्त किए हों, उनकी सक्षमता उनके जीवन के लिए परमेष्वर के चुनिंदा मार्ग से ऊपर कभी नहीं उठेगी।

आज ही निर्णय लें कि आप अपने जीवन के लिए परमेष्वर की इच्छा और उद्देष्य को पता करेंगे और उससे कम में संतुष्ट नहीं होंगे। संसार के अनुसार महान बनने के लिए व्याकुल न हों और न ही उस ओर झुकें अन्यथा आप अपने जीवन में परमेष्वर के सर्वोत्तम को प्राप्त करने से चूक जाएंगे। इस उद्घोषणा को अपनी दैनिक प्रार्थना बना लें, "मेरी नहीं, परन्तु तेरी इच्छा पूरी हो।"

*आज के लिए प्रार्थना*

मुझ को यह सिखा कि मैं तेरी इच्छा कैसे पूरी करूँ, क्योंकि मेरा परमेष्वर तू ही है। तेरा भला आत्मा मुझ को धार्मिकता के मार्ग में ले चले। आमीन (भजन 143:10)

edit copy

*आज के लिए वचन*
प्रेरित 13:22 फिर उसे अलग करके दाऊद को उन का राजा बनाया; जिस के विषय में उस ने गवाही दी, कि मुझे एक मनुष्य यिशै का पुत्र दाऊद, मेरे मन के अनुसार मिल गया है। वही मेरी सारी इच्छा पूरी करेगा।

इब्रानी 10:7 तब मैं ने कहा, देख, मैं आ गया हूं, (पवित्रशास्त्र में मेरे विषय में लिखा हुआ है) ताकि हे परमेश्वर तेरी इच्छा पूरी करूं।

भजन 40:8 हे मेरे परमेश्वर मैं तेरी इच्छा पूरी करने से प्रसन्न हूं; और तेरी व्यवस्था मेरे अन्तःकरण में बनी है।

## *सुसमाचार सुनाते समय, याद रखें कि यह अच्छा समाचार है*

हमें बताया गया है कि कुछ लोग गिलास को आधा भरा हुआ देखते हैं और कुछ लोग उसी गिलास को आधा खाली देखते हैं। जीवन के लगभग प्रत्येक तत्व के नकारात्मक और सकारात्मक दोनों पहलू होते हैं। सौभाग्यवष, हम सभी चयन कर सकते हैं कि हम सत्य को किस रूप में देखते हैं और हम निर्णय लेते हैं कि हम उस सत्य को दूसरों के साथ किस दृष्टिकोण से बांटेंगे। क्या आप ऐसे किसी व्यक्ति से मिले हैं जो हमेषा दूसरों पर दोष लगाता हो? वे लोगों को नकारात्मक दृष्टिकोण से चुनौती देते रहते हैं, इस उद्देष्य से कि उन्हें गलत काम करने से रोकें। जबकि दूसरी ओर, जिनमें अनुग्रहकारी व्यवहार भरा होता है, वे लोगों को सकारात्मक दृष्टिकोण से प्रोत्साहित करते हैं, इस उद्देष्य से कि उन्हें सही काम करने के लिए उभारें। दूसरों को सुसमाचार सुनाते समय याद रखें कि "सुसमाचार" शब्द का अर्थ है अच्छा समाचार। लोगों को यह बताने, कि परमेष्वर के लिए न जीने से क्या क्या होगा, की बजाय यदि आप लोगों को परमेष्वर के लिए जीने के लाभ बताएंगे तो शायद आपको अधिक सफलता मिलेगी।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रभु, मुझे अपने सामने आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुग्रह और दया, समझ और क्षमा, आषा और सहायता से भर दें। ताकि मैं उन्हें बुरे समाचार की बजाय अच्छा समाचार सुनाऊँ। मेरी सहायता करें कि मैं उन्हें स्वर्ग का मार्ग दिखाऊँ, नरक का नहीं। आमीन।

*आज के लिए वचन*
रोमियों 2:1–4 सो हे दोष लगानेवाले, तू कोई क्यों न हो; तू निरूत्तर है! क्योंकि जिस बात में तू दूसरे पर दोष लगाता है, उसी बात में अपने आप को भी दोषी ठहराता है, इसलिये कि तू जो दोष लगाता है, आप ही वही काम करता है। और हम जानते हैं, कि ऐसे ऐसे काम करनेवालों पर परमेश्वर की ओर से ठीक ठीक दंड की आज्ञा होती है। और हे मनुष्य, तू जो ऐसे ऐसे काम करनेवालों पर दोष लगाता है, और आप वे ही काम करता है; क्या यह समझता है, कि तू परमेश्वर की दंड की आज्ञा से बच जाएगा? क्या तू उस की कृपा, और सहनशीलता, और धीरजरूपी धन को तुच्छ जानता है? और क्या यह नहीं समझता, कि परमेश्वर की कृपा तुझे मन फिराव को सिखाती है?

## *भविष्य सत्य को उजागर कर देगा*

परमेष्वर के राज्य और हमारे भविष्य के बारे में बाइबल बहुत सारे दावे करती है। कुछ दावे इतने अच्छे हैं कि वे सच्चे लगते हैं। ऐसे दावे जैसे, "यदि तुम मुझ में बने रहो और मेरे वचन तुम में बने रहें, तो तुम जो कुछ मांगो वह तुम्हारे लिए हो जाएगा।" परमेष्वर के वायदे चाहे कितने ही बड़े क्यों न हो उन्हें प्राप्त करने का एक ही माध्यम है....हमारा विष्वास। एक दिन हम सभी परमेष्वर के सामने खड़े होंगे और हमारी आंखें यह समझने के लिए खुल जाएंगी कि परमेष्वर का वचन सच्चा है और यह कि यदि हमने उस पर भरोसा किया होता और विष्वास में कदम उठाया होता तो हम उसके वचन में लिखे हुए सारे वायदे प्राप्त कर

edit copy

सकते थे। भविष्य सत्य को उजागर कर देगा, तथापि, आपके विष्वास के द्वारा आज उस सत्य को अनुभव किया जा सकता है। परमेष्वर के वचन में विष्वास रखें। विष्वास करने में पीछे न छूट जाएं।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे परमेष्वर, मैं अपने जीवन के सभी मामलों में सम्पूर्ण और अंतिम अधिकार के रूप में आपके वचन पर भरोसा रखने का चयन करता हूँ। मैं घोषणा करता हूँ कि आपका वचन सत्य है और मैं अपना जीवन विष्वास से जीऊँगा।

*आज के लिए वचन*
यूहन्ना 15:7 यदि तुम मुझ में बने रहो, और मेरी बातें तुम में बनी रहें तो जो चाहो मांगो और वह तुम्हारे लिये हो जाएगा।

यूहन्ना 14:12–13 मैं तुम से सच सच कहता हूं, कि जो मुझ पर विश्वास रखता है, ये काम जो मैं करता हूं वह भी करेगा, बरन इन से भी बड़े काम करेगा, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं। और जो कुछ तुम मेरे नाम से मांगोगे, वही मैं करूंगा कि पुत्र के द्वारा पिता की महिमा हो।

मरकुस 11:22–24 यीशु ने उस को उत्तर दिया, कि परमेश्वर पर विश्वास रखो। मैं तुम से सच कहता हूं कि जो कोई इस पहाड़ से कहे; कि तू उखड़ जा, और समुद्र में जा पड़, और अपने मन में सन्देह न करे, वरन प्रतीति करे, कि जो कहता हूं वह हो जाएगा, तो उसके लिये वही होगा। इसलिये मैं तुम से कहता हूं, कि जो कुछ तुम प्रार्थना करके मांगों तो प्रतीति कर लो कि तुम्हें मिल गया, और तुम्हारे लिये हो जाएगा।

### ***सच्चा प्रेम उन्हीं का है जो अपने भविष्य के लिए अपने सर्वप्रिय को जोखिम में डालने को तैयार हैं***

परमेष्वर आपसे इतना अधिक प्रेम करता है कि उसने अपना एकलौता पुत्र कुर्बान कर दिया ताकि वह उस समय को खरीद सके जिसमें आप वापस उससे प्रेम करें। परमेष्वर ने अपना अतिरिक्त पुत्र नहीं दिया बल्कि अपना एकलौता पुत्र दिया और बाइबल हमें बताती है कि जब हम पापी ही थे तब मसीह अधर्मियों के लिए मरा। यह सब बिना किसी गारंटी के हुआ कि कोई इस बात पर ध्यान देगा, इसकी सराहना करेगा या परमेष्वर के परिवार का हिस्सा बनने का अवसर स्वीकार करेगा। यही सच्चा प्रेम है।

परमेष्वर ने अपने प्रेम को हमारे लिए उस समय प्रकट किया जब उसने हमारे साथ अपने भविष्य की आषा पर अपने सर्वप्रिय को जोखिम में डाल दिया। परमेष्वर का हृदय न तोड़ें। उससे प्रेम करें क्योंकि उसी ने पहले आपसे प्रेम किया और परमेष्वर जैसा बनने से न डरें। सच्चा प्रेम यह मांग भी करता है कि इससे पहले कि आपके प्रेम का बदला देते हुए लोग आपसे प्रेम करें, आप अपना हृदय उन्हें देने का जोखिम उठाएं।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रभु, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझसे प्रेम किया और मुझे मेरे पापों से छुड़ाने और मेरी स्वतंत्रता खरीदने के लिए अपना पुत्र कुर्बान कर दिया। मैं आपसे प्रेम करता हूँ और अनन्तता तक मैं आपके समीप रहूँगा और सब कामों में और अधिक आपके जैसा बनूंगा। मुझे अनुग्रह दें कि मैं आपके आत्मा के प्रेम के द्वारा दूसरों से प्रेम कर सकूं।

*आज के लिए वचन*
1 यूहन्ना 4:7–8 हे प्रियों, हम आपस में प्रेम रखें; क्योंकि प्रेम परमेश्वर से है: और जो कोई प्रेम करता है, वह परमेश्वर से जन्मा है; और परमेश्वर को जानता है। जो प्रेम नहीं रखता, वह परमेश्वर को नहीं जानता है, क्योंकि परमेश्वर प्रेम है।

editcopy

रोमियों 5:8 परन्तु परमेश्वर हम पर अपने प्रेम की भलाई इस रीति से प्रगट करता है, कि जब हम पापी ही थे तभी मसीह हमारे लिये मरा।

1 यूहन्ना 4:19 हम इसलिये प्रेम करते हैं, कि पहिले उस ने हम से प्रेम किया।

## *जब आपका बीता हुआ कल इतना बड़ा हो जाता है कि उसकी परछाई आपके आने वाले कल पर पड़ने लगती है, तब आपके भविष्य के ऊपर आपका अतीत हावी हो जाता है*

आपने जीवनभर में जो निरंतर चयन किए हैं वे निर्धारित करते हैं कि आप भविष्य में अपने जीवन को कैसे जीने का चयन करेंगे। हम अपने विचारों, शब्दों और कामों के द्वारा अपने लिए जैसी जीवनषैली तैयार करते हैं, वह दूसरों को दर्षाती है कि हम कौन हैं और उन्हें हमारे भविष्य के बारे में अपेक्षाएं भी देती है। इसीलिए, हमें अपनी जीवनषैली को जांचना चाहिए और एक ही गलती को बार बार नहीं दोहराना चाहिए। जब हमने अपने लिए एक नकारात्मक जीवनषैली तैयार कर ली है और अपने लिए ऐसी छवि बना बैठे हैं जैसी हम नहीं चाहते, तो हमें सावधान रहना चाहिए। दूसरे लोग आपको जानते हैं, आपको जांचते हैं और अब तक उन्होंने आपको जैसा जीवन जीते हुए देखा है उसके आधार पर आपके बारे में अपेक्षाएं तैयार कर लेते हैं। जब आपका बीता हुआ कल इतना बड़ा हो जाता है कि उसकी परछाई आपके आने वाले कल पर पड़ने लगती है, तब आपके भविष्य के ऊपर आपका अतीत हावी हो जाता है और कोई यह अपेक्षा नहीं करता कि आप कभी बदल पाएंगे...उन्हें हैरान कर दें! मेरा यकीन करें, जब मैं आपको कह रहा हूँ कि दूसरे लोग आपके बारे में जो कुछ सोचते हैं उससे सचमुच फर्क पड़ता है। यह केवल उनकी समस्या नहीं है, बहुत शीघ्र यह आपकी भी समस्या बन जाएगी।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, मैं ऐसे व्यक्ति के रूप में विख्यात नहीं होना चाहता जो आलसी है, भरोसे लायक नहीं है, कठोर, आलोचक, स्वार्थी या निर्दयी है। बल्कि मैं सुनामी होना चाहता हूँ ताकि दूसरे लोग मेरे जीवन में आपका प्रेम, आपकी विष्वासयोग्यता, और आपका अनुग्रह देखें। स्वयं को जांचने और जहां आवष्यक है वहां बदलने में मेरी सहायता करें ताकि दूसरे लोग मुझमें यीषु को देखने की अपेक्षा करें।

*आज के लिए वचन*

नीतिवचन 22:1 बड़े धन से अच्छा नाम अधिक चाहने योग्य है, और सोने चान्दी से औरों की प्रसन्नता उत्तम है।

1 कुरिन्थियों 11:31 यदि हम अपने आप को जांचते, तो दंड न पाते।

## *सदस्यता मायने रखती हैः जिस समूह के साथ आप जुड़ते हैं वह आपके भविष्य को प्रभावित करेगा*

समूह हमेषा नए सदस्यों को ढूँढते रहते हैं और नए अगुवों को अपनाते रहते हैं। बीते समय में, मैं ऐसे अद्‌भुत और महत्त्वकांक्षी लोग देखे हैं जिनमें फर्क लाने की चाहत तो होती है परन्तु वे किसी समूह के लक्ष्यों को पूरी तरह समझे बिना ही उसकी सदस्यता या अगुवापन के पद को स्वीकार कर लेते हैं। ये समूह कलीसियाओं, व्यवसायों और समाज के अन्य वर्गों में होते हैं। कुछ समूहों के लक्ष्य उत्पादक होते हैं और कुछ के उत्पादनहीन। मूसा के साथ ऐसा ही हुआ, जब वह इस्त्राएलियों को मिस्त्र से निकालकर मरूस्थल के रास्ते प्रतिज्ञा किए हुए देष में ले जा रहा था। मार्ग में, मूसा का सामना चार समूहों से हुआ जो आज भी दिखाई देते हैं। पहला समूह था 'आओ पार चलें' (यहोषू और कालेब), दूसरा समूह था 'आओ कब्ज़ा कर लें' (कोरह, दातान और अबीराम), तीसरा समूह था 'मैं वहां जा चुका हूँ' (दस डरपोक भेदिए), और चौथा समूह था 'सब समाप्त हो गया' (इस्त्राएलियों की वह पीढ़ी जो मरूस्थल में नाष हो गई)। इससे पहले कि आप किसी समूह में शामिल हों या उनके नज़रियों का प्रचार करें, निष्चित कर लें कि वह समूह एक आधिकारिक अगुवे की और उस अगुवे द्वारा बताए गए लक्ष्यों की आधीनता में हो।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रिय परमेष्वर, मेरी सहायता करें कि मैं विभाजन का कारण न बनूँ या दूसरों के साथ अपने सहयोग के द्वारा विभाजन लाऊँ या आधिकारिक अगुवे के खिलाफ और आपके द्वारा मेरी कलीसिया, मेरे व्यवसाय या मेरे समाज में ठहराए गए क्रम के खिलाफ किसी भी प्रकार के विद्रोह का हिस्सा न बनूँ। जो लोग मुझे अपने साथ शामिल करना चाहते हैं उनके उद्देष्यों और छिपे हुए लक्ष्यों को पहचानने का अनुग्रह दें। मैं और अधिक आपके जैसा बनना चाहता हूँ।

*आज के लिए वचन*
गिनती 14:28–30 सो उन से कह, कि यहोवा की यह वाणी है, कि मेरे जीवन की शपथ जो बातें तुम ने मेरे सुनते कही हैं, निःसन्देह मैं उसी के अनुसार तुम्हारे साथ व्यवहार करूंगा। तुम्हारी लोथें इसी जंगल में पड़ी रहेंगी; और तुम सब में से बीस वर्ष की वा उस से अधिक अवस्था के जितने गिने गए थे, और मुझ पर बुड़बुड़ाते थे, उस में से यपुन्ने के पुत्र कालेब और नून के पुत्र यहोशू को छोड़ कोई भी उस देश में न जाने पाएगा, जिसके विषय मैं ने शपथ खाई है कि तुम को उस में बसाऊंगा।

## *लोगों को शांत करने के लिए परमेष्वर की जुंबिष को कभी जोखिम में न डालें*

सहमति में उठे हुए हाथों की गिनती से सत्य को निर्धारित नहीं किया जा सकता और जब हम सभी को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं तो अंत में किसी को भी प्रसन्न नहीं कर पाते। इसी कारण प्राथमिक दर्जे के अगुवों के महत्त्वपूर्ण पदों की नियुक्ति की पद्यति परमेष्वर के वचन में दर्ज है। परमेष्वर स्वयं किसी व्यक्ति को अगुवाई के पद पर लाता है और दूसरे को उतार देता है। वास्तव में, प्रेरित पौलुस रोमियों की पत्री के 13 अध्याय में लिखता है कि सभी अधिकार परमेष्वर के द्वारा ही ठहराए गए हैं और कोई भी अधिकार उसके बिना नहीं ठहराया गया। यदि परमेष्वर ने लोगों के द्वारा ही लोगों से बातचीत करने का चयन किया है तो हम परमेष्वर द्वारा उसके अगुवों को दिए गए दिषानिर्देष के साथ समझौता करने का जोखिम कैसे उठा सकते हैं। तथापि, कई लोग दूसरों को प्रसन्न करने के लिए और यह दिखाने के लिए कि वे भी सब कामों में शामिल किए गए हैं, परमेष्वर के मार्गदर्षन को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। लोगों को शांत करने के लिए परमेष्वर की जुंबिष को कभी जोखिम में न डालें। हिम्मती बनें, बलवंत बनें, दयालू बनें, परन्तु साहसी बनें और जब परमेष्वर बोलता है, तो लोगों को प्रसन्न करने के लिए उससे समझौता न करें।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे पिता, मुझे बल, साहस और समर्पण दें ताकि मैं यह निर्णय ले सकूं कि मैं आपके वचन के साथ समझौता न करूँ या स्वयं को या दूसरों को प्रसन्न करने के लिए आपके अगुवों को नज़रअंदाज़ करने का प्रयास न करूँ। मुझे दयालू बनने में, परन्तु आपकी इच्छा को पूरा करने के लिए समर्पित रहने में सहायता करें।

*आज के लिए वचन*
गलातियों 1:10 यदि मैं अब तक मनुष्यों को प्रसन्न करता रहता, तो मसीह का दास न होता।।

गलातियों 1:15–16 परन्तु परमेश्वर की, जिस ने मेरी माता के गर्भ ही से मुझे ठहराया और अपने अनुग्रह से बुला लिया, जब इच्छा हुई, कि मुझ में अपने पुत्र को प्रगट करे कि मैं अन्यजातियों में उसका सुसमाचार सुनाऊं; तो न मैं ने मांस और लोहू से सलाह ली।

प्रेरित 13:22 फिर उसे अलग करके दाऊद को उन का राजा बनाया; जिस के विषय में उस ने गवाही दी, कि मुझे एक मनुष्य यिशै का पुत्र दाऊद, मेरे मन के अनुसार मिल गया है। वही मेरी सारी इच्छा पूरी करेगा।

## *केवल इतना कह देने से कि "अंधेरा है ही नहीं", काम नहीं चलेगा*

परमेष्वर अपने बारे में हमें जो सबसे पहला पाठ सिखाता है वह उत्पत्ति 1 अध्याय में मिलता है। वह कहता है कि उसने आकाष और पृथ्वी की सृष्टि की, कहीं पर उसने देखा कि जो उसने बनाया था, वह ग्रहणयोग्य नहीं था। पृथ्वी बेडौल और सुनसान पड़ी थी और गहरे जल के ऊपर अंधियारा छाया था। उसने जो कुछ बनाया था, उसे लेकर वह बनाने के प्रयास में, जो वह बनाना चाहता था, सबसे पहले उसने अपनी योजना को परखा और फिर कहा, "उजियाला हो" और वैसा ही हो गया। जब हमें एक योजना मिलती है और हम विष्वास के साथ बोलते हैं, तब परमेष्वर हमें सकारात्मक अंगीकार की सामर्थ सिखाता है। ध्यान दें कि परमेष्वर ने इस बात से इनकार नहीं किया कि वहां समस्या मौजुद थी और न ही उसने उस समस्या को श्राप दिया या उसकी षिकायत की। केवल इतना कह देने से कि "अंधेरा है ही नहीं" काम नहीं चलता।

यदि आपके सामने ऐसी समस्या आती है जो ग्रहणयोग्य नहीं है, तो उसकी मौजुदगी से इनकार न करें, परन्तु सकारात्मक कदम उठाने के द्वारा उसके वहां बने रहने के अधिकार से इनकार करें। परमेष्वर जैसे बनेंः योजना बनाएं और उसे वैसे बोलना आरम्भ करें जैसा आप अपने विष्वास की आंखों से देखना चाहते हैं और वैसा ही हो जाएगा।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे स्वर्गिक पिता, मुझे अपने मार्ग सिखाएं और आपकी इच्छा के अनुसार मुझे अपने जीवन की योजना बनाने के लिए बुद्धि दें ताकि मैं अपने हृदय के स्वप्न द्वारा अपने भविष्य के बारे में भविष्यवाणी कर सकूं।

*आज के लिए वचन*
मरकुस 11:22–24 यीशु ने उस को उत्तर दिया, कि परमेश्वर पर विश्वास रखो। मैं तुम से सच कहता हूं कि जो कोई इस पहाड़ से कहे; कि तू उखड़ जा, और समुद्र में जा पड़, और अपने मन में सन्देह न करे, वरन प्रतीति करे, कि जो कहता हूं वह हो जाएगा, तो उसके लिये वही होगा। इसलिये मैं तुम से कहता हूं, कि जो कुछ तुम प्रार्थना करके मांगों तो प्रतीति कर लो कि तुम्हें मिल गया, और तुम्हारे लिये हो जाएगा।

नीतिवचन 18:20–21 मनुष्य का पेट मुंह की बातों के फल से भरता है; और बोलने से जो कुछ प्राप्त होता है उस से वह तृप्त होता है। जीभ के वश में मृत्यु और जीवन दोनों होते हैं, और जो उसे काम में लाना जानता है वह उसका फल भोगेगा।

इब्रानी 6:12 ताकि तुम आलसी न हो जाओ; बरन उन का अनुकरण करो, जो विश्वास और धीरज के द्वारा प्रतिज्ञाओं के वारिस होते हैं।

### *एक कठोर हृदय चंगाई के वचन को ज़ख्म तक नहीं पहुंचने देगा*

जब लोगों को चोट पहुंचती है, तो कभी कभी लोग संवेदनहीन हो जाते हैं और उस ज़ख्म के कारण अपने हृदय को कठोर और भावहीन कर लेते हैं। यदि इन ज़ख्मों का इलाज न किया जाए और उन्हें भरा न जाए, तो वे पहले से भी अधिक संवेदनषील हो जाते हैं। तथापि, मनुष्य के प्रत्येक ज़ख्म के लिए परमेष्वर के पास चंगाई के वचन हैं। उसका वचन वह मरहम है जो उस ज़ख्म को आराम पहुंचाता है, परन्तु केवल तभी जब वह वचन उस ज़ख्म तक पहुंचे।

आपके हृदय की बंजर भूमि को केवल आप ही तोड़ सकते हैं और परमेष्वर के वचन को अपने ज़ख्म तक पहुंचा सकते हैं। संभव है कि आपकी आवष्यकता की पूर्ति करने के उद्देष्य से परमेष्वर चंगाई के वचनों के साथ अपने किसी सेवक को भेजे या कोई गीत आपके सामने आ जाए। अपने हृदय की कठोरता के कारण चंगाई के वचनों को अपने ज़ख्मों तक पहुंचने से न रोकें।

*आज के लिए वचन*

edit copy

हे प्रिय प्रभु, आज मैं अपने हृदय को आपके वचन के लिए खोलता हूँ, यहां तक कि ऐसे स्थानों को भी जहां मुझे चोट पहुंची है। मैं अपने आप को सुरक्षित रखने के उद्देष्य से अपने जीवन के लिए आपके सर्वोत्तम को नहीं खोऊँगा। अपने चंगाई के वचनों के द्वारा मेरे ज़ख्मों को छू लें और मेरे जीवन को फिर से नया कर दें।

*आज के लिए वचन*

मरकुस 16:14 पीछे वह उन ग्यारहों को भी, जब वे भोजन करने बैठे थे दिखाई दिया, और उन के अविश्वास और मन की कठोरता पर उलाहना दिया, क्योंकि जिन्हों ने उसके जी उठने के बाद उसे देखा था, इन्हों ने उन की प्रतीति न की थी।

होषे 10:12 अपने लिये धार्मिकता का बीज बोओ, तब करूणा के अनुसार खेत काटने पाओगे; अपनी पड़ती भूमि को जोतो; देखो, अभी यहोवा के पीछे हो लेने का समय है, कि वह आए और तुम्हारे ऊपर उद्धार बरसाए।

## *जांच न करने और चुनौती न देने के परिणामस्वरूप कोई परिवर्तन नहीं होताः जांचें, चुनौती दें और परिवर्तन करें!*

जहां हमें परिवर्तन की आवष्यकता है वहां निरंतर परिवर्तन करते रहने का सर्वोत्तम तरीका यह है कि हम अपने आप को चुनौती दें और अपने विचारों तथा व्यवहार को बदलने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और अपने जीवन को परमेष्वर के वचन के अनुसार ढाल लें। तथापि, बहुत बार हम परिवर्तित होने के लिए अपने आप को चुनौती इसलिए नहीं देते क्योंकि हमें वे क्षेत्र ही पता नहीं होते जहां हमें परिवर्तन की आवष्यकता होती हैं। इसी कारण, बाइबल हमें बताती है कि हम अपने आप को जांचें कि हम विष्वास में हैं या नहीं। यदि हम अपने आप को जांचें और और अपने आप को सटीकता से परखें, तो बाइबल बताती है कि हम किसी और न्याय का सामना नहीं करेंगे। बहुत बार, जिनकी जांच नहीं की जाती, उन्हें कभी चुनौती भी नहीं मिलती और इसी कारण उनमें परिवर्तन भी नहीं आता। अपने आप को जांचे ... अपने आप को चुनौती दें ... और अपने आप को परमेष्वर के वचन और इच्छा के अनुसार परिवर्तित कर लें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, मुझसे बात करें और मुझे दिखाएं कि मुझे कहां कहां परिवर्तन की आवष्यकता है। मैं उन क्षेत्रों में बेहतर आदतें विकसित करने के लिए अपने आप को चुनौती दूंगा और आपके जैसा और अधिक बनूंगा।

*आज के लिए वचन*

2 कुरिन्थियों 13:5 अपने प्राण को परखो, कि विश्वास में हो कि नहीं; अपने आप को जांचो, क्या तुम अपने विषय में यह नहीं जानते, कि यीशु मसीह तुम में है? नहीं तो तुम निकम्मे निकले हो।

1 कुरिन्थियों 11:31 यदि हम अपने आप को जांचते, तो दंड न पाते।

2 कुरिन्थियों 3:18 परन्तु जब हम सब के उघाड़े चेहरे से प्रभु का प्रताप इस प्रकार प्रगट होता है, जिस प्रकार दर्पण में, तो प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम उसी तेजस्वी रूप में अंश अंश कर के बदलते जाते हैं।

## *सत्य वह होता है जो सत्य बने रहने के लिए किसी भी हद तक पीड़ा सह सकता है*

हम सब के सामने उस समय झूठ बोलने का प्रलोभन आया होगा जब सत्य बोलने से हमारे किसी मित्र को दुख पहुंचना था। परन्तु चाहे हम सत्य को कम पीड़ादायक बनाने के उद्देष्य से थोड़ा सा भी बदल दें तो वह सत्य नहीं रह जाता।

edit copy

कल्पना करें कि आप "सच्चे" परिमाप लागू किए बिना एक घर का निर्माण कर रहे हैं। यदि आप एक ओर केवल एक इंच का अंतर कर दें, और दूसरी ओर परिमाप में थोड़ा और अंतर ले आएं तो परिणाम घातक हो सकते हैं।

कभी कभी सत्य को स्वीकार करना कठिन हो जाता है और इस बात को सबसे अच्छी तरह यीषु ही समझते थे। फिर भी, उन्होंने अपने सबसे समीपी मित्रों से कहा कि यदि वे उनका अनुसरण करना चाहते हैं तो उन्हें अपने स्वार्थी मनोरथों को त्यागना होगा। यह कोई विख्यात संदेष नहीं था, परन्तु सामर्थी अवष्य था। किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने की आवष्यक सामर्थ केवल सत्य में ही है। उससे थोड़ा कम भी व्यर्थ है। आप सत्य के द्वारा शुद्ध हो सकते हैं .... परमेष्वर का वचन सत्य है।

_आज के लिए प्रार्थना_
हे प्रभु, चाहे सत्य से दुख ही क्यों न हो, उसे सुनने और सुनकर बदलने में मेरी सहायता करें। साथ ही, प्रभु मुझे अनुग्रह दें कि मैं दूसरों के साथ जिम्मेदारी के साथ ईमानदार बना रहूँ ताकि उन्हें भी सत्य से लाभ पहुंचे।

_आज के लिए वचन_
यूहन्ना 17:17 सत्य के द्वारा उन्हें पवित्र करः तेरा वचन सत्य है।

मरकुस 8:34 उस ने भीड़ को अपने चेलों समेत पास बुलाकर उन से कहा, जो कोई मेरे पीछे आना चाहे, वह अपने आपे से इन्कार करे और अपना क्रूस उठाकर, मेरे पीछे हो ले।

यूहन्ना 8:32 और सत्य को जानोगे, और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा।

***पुराने नियम में, जब परमेष्वर कोई काम पूरा करना चाहता था तो एक बालक पैदा होता था।***
***नए नियम में, जब परमेष्वर कोई काम पूरा करना चाहता था तो एक कलीसिया पैदा होती थी***

सारे पुराने नियम में, परमेष्वर की इच्छा और काम मुख्य तौर पर किसी न किसी व्यक्ति के द्वारा पूरे होते थे, जो उचित समय पर पैदा होते थे और उद्देष्य के साथ बुलाए जाते थे। ये पुरूष और स्त्रियां उन दुखी और खोए हुए लोगों के पास परमेष्वर की आवाज़ पहुंचाते थे जो स्वयं परमेष्वर की आवाज़ सुन नहीं सकते थे। इसलिए जब भी कोई काम पूरा होना होता था तो एक बालक पैदा होता था। मूसा, षिमषौन, एस्तेर और यीषु के साथ ऐसा ही हुआ।

पुराना नियम लगभग 4000 वर्ष का इतिहास है, जिसमें सैंकड़ों पीढ़ियां आई जिनका केवल एक ही उद्देष्य था .... परमेष्वर की सृष्टि को अदन की वाटिका से मसीहा तक ले जाना। नया नियम सेवकाई के समय की एक ही पीढ़ी को दर्षाता है। इसका उद्देष्य प्रत्येक विष्वासी को तैयार करना है ताकि वे अपनी अपनी पीढ़ी में यीषु मसीह के सुसमाचार के द्वारा संसार को जीतें। यह काम कलीसिया की सेवकाई के द्वारा पूरा होता है। पुराने नियम में, जब परमेष्वर कोई काम पूरा करना चाहता था तो एक बालक पैदा होता था। नए नियम में, जब परमेष्वर कोई काम पूरा करना चाहता था तो एक कलीसिया पैदा होती थी। कलीसिया में शामिल हो जाएं।

_आज के लिए प्रार्थना_
हे पिता मैं कलीसिया के लिए और आपके राज्य के काम में अपने स्थान के लिए प्रार्थना करता हूँ। मुझे अपनी इच्छा के अनुसार विष्वासियों की देह में शामिल कर लें और इस पीढ़ी में आपकी सेवा करने के लिए मुझे दूसरों के साथ जोड़ लें। आमीन।

_आज के लिए वचन_

edit copy

इफिसियों 4:16 और उस ने कितनों को प्रेरित नियुक्त करके, कितनों को भविष्यवक्ता नियुक्त करके, और कितनों को सुसमाचार सुनानेवाले नियुक्त करके, और कितनों को रखवाले और उपदेशक नियुक्त करके दे दिया। जिस से पवित्र लोग सिद्ध हो जाएं, और सेवा का काम किया जाए, और मसीह की देह उन्नति पाए। जब तक कि हम सब के सब विश्वास, और परमेश्वर के पुत्र की पहिचान में एक न हो जाएं, और एक सिद्ध मनुष्य न बन जाएं और मसीह के पूरे डील डौल तक न बढ़ जाएं। ताकि हम आगे को बालक न रहें, जो मनुष्यों की ठग–विद्या और चतुराई से उन के भ्रम की युक्तियों की, और उपदेश की, हर एक बयार से उछाले, और इधर–उधर घुमाए जाते हों। बरन प्रेम में सच्चाई से चलते हुए, सब बातों में उस में जो सिर है, अर्थात् मसीह में बढ़ते जाएं। जिस से सारी देह हर एक जोड़ की सहायता से एक साथ मिलकर, और एक साथ गठकर उस प्रभाव के अनुसार जो हर एक भाग के परिमाण से उस में होता है, अपने आप को बढ़ाती है, कि वह प्रेम में उन्नति करती जाए।

## ***कोई निर्णय न लेना अक्सर कुछ न करने का निर्णय लेना है***

कभी कभी हमारे जीवन में ऐसी समस्याएं आती हैं जो हमारे सामने नहीं आनी चाहिएं थीं। जीवन के इन क्षणों में, हमने अक्सर कुछ न करने का निर्णय लिया, टाल–मटोल कर दिया, यह आषा लगाए रखी कि समस्या अपने आप ही सुलझ जाएगी या चली जाएगी। ऐसा कभी नहीं होता। बुरी बातों को उनके हालात पर छोड़ देने से वे सुधरती नहीं बल्कि और बद्तर हो जाती हैं। परमेष्वर आमतौर पर मांग करता है कि हम समस्याओं को सुलझाने में हिस्सेदारी लें। तथापि, एक अच्छा समाचार भी है!

हम प्रत्येक पर्वत का सामना इस विष्वास के साथ कर सकते हैं कि परमेष्वर हमारे लिए और हमारे संग है, हमारे विरोध में नहीं है। हमारे सामने आने वाली प्रत्येक समस्या का उत्तर उसके पास है और यदि हम आगे बढ़कर अपने शत्रुओं का सामना करें तो वह हमारा सहभागी बनने के लिए भी तैयार है। कभी कभी हमारे सामने आने वाली सबसे बड़ी समस्याएं वे निर्णय होते हैं जिन्हें लेना ही पड़ता है, और इन कुछ बातों के लिए केवल आप ही कुछ कर सकते हैं।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, मेरी सहायता करें कि मैं प्रत्येक परिस्थिति का सामना प्रार्थना और इस विष्वास से करूँ कि आप उत्तर जानते हैं और मुझे सफलता की ओर ले जाएंगे। मैं अपने सारे डर आपको दे देता हूँ।

*आज के लिए वचन*

नीतिवचन 1:5 कि बुद्धिमान सुनकर अपनी विद्या बढ़ाए, और समझदार बुद्धि का उपदेश पाए,

1 राजा 18:21 और एलिय्याह सब लोगों के पास आकर कहने लगा, तुम कब तक दो विचारों में लटके रहोगे, यदि यहोवा परमेश्वर हो, तो उसके पीछे हो लो; और यदि बाल हो, तो उसके पीछे हो लो। लोगों ने उसके उत्तर में एक भी बात न कही।

यहोषू 24:15 और यदि यहोवा की सेवा करनी तुम्हें बुरी लगे, तो आज चुन लो कि तुम किस की सेवा करोगे, चाहे उन देवताओं की जिनकी सेवा तुम्हारे पुरखा महानद के उस पार करते थे, और चाहे एमोरियों के देवताओं की सेवा करो जिनके देश में तुम रहते हो; परन्तु मैं तो अपने घराने समेत यहोवा की सेवा नित करूंगा।

## ***यदि कोई समस्या पुरानी है तो यह शैतानी भी हो सकती है***

क्या आपके सामने कोई ऐसी समस्या आई है जो जाती ही नहीं है, एक ऐसी समस्या जिसके लिए आपने सबकुछ किया परन्तु कोई समाधान पर्याप्त नहीं हुआ? 2 कुरिन्थियों 12 अध्याय में प्रेरित पौलुस के सामने ऐसी ही एक समस्या आई थी। उसने इसे शरीर में एक काँटा, शैतान का दूत कहा जो उसे घूँसे मारने के लिए भेजा गया था। "घूँसे मारने" का अर्थ है मार मार कर बार बार गिरा देना, ताकि जब प्रेरित पौलुस यह

सोचता कि अब उसे विजय मिल गई है, तो यह शत्रु फिर से आता और उसे मार कर गिरा देता। यह इतना थका देने वाला हो गया कि प्रेरित पौलुस सहायता के लिए परमेष्वर को पुकार उठा। परमेष्वर ने जो उत्तर दिया वह हमें आज भी आषा देता है। परमेष्वर ने प्रेरित पौलुस से कहा कि उसका अनुग्रह पर्याप्त है। यदि आप अपने आप को ऐसी समस्या में पाते हैं जो जाती ही नहीं, तो हो सकता है उसकी जड़ें भी शैतानी संसार में पहुंची हुई हों, शैतान का एक दूत, आपको निरुत्साहित करने के लिए भेजा गया हो ताकि आपसे हार मनवा ले। हार न मानें! परमेष्वर को पुकारें और आप पाएंगे कि परमेष्वर का अनुग्रह आपके लिए भी पर्याप्त है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूँ कि मेरे जीवन में से सारे प्रलोभन, दबाव और समस्याएं हटा दें जो मुझे हराने का प्रयास करती हैं। तथापि, वे सब जो आप अपनी इच्छा से मेरे जीवन में आने देते हैं, मैं प्रार्थना करता हूँ कि उन्हें सहने का अनुग्रह आप मुझे दें और यह भी कि मैं अपनी निर्बलताओं में आपका बल प्राप्त कर सकूँ, यीषु के नाम में, आमीन।

*आज के लिए वचन*

2 कुरिन्थियों 12:7—10 और इसलिये कि मैं प्रकाशों की बहुतायत से फूल न जाऊं, मेरे शरीर में एक कांटा चुभाया गया अर्थात् शैतान का एक दूत कि मुझे घूसे मारे ताकि मैं फूल न जाऊं। इस के विषय में मैं ने प्रभु से तीन बार बिनती की, कि मुझ से यह दूर हो जाए। और उस ने मुझ से कहा, मेरा अनुग्रह तेरे लिये बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ निर्बलता में सिद्ध होती है; इसलिये मैं बड़े आनन्द से अपनी निर्बलताओं पर घमंड करूंगा, कि मसीह की सामर्थ मुझ पर छाया करती रहे। इस कारण मैं मसीह के लिये निर्बलताओं, और निन्दाओं में, और दरिद्रता में, और उपद्रवों में, और संकटों में, प्रसन्न हूं; क्योंकि जब मैं निर्बल होता हूं, तभी बलवन्त होता हूं।

## *मनुष्य की सबसे महान यात्राएं चाहत से आरम्भ होती हैं*

आप क्या चाहते हैं? आपके हृदय के मनोरथ क्या हैं? बहुत सारे लोग ऐसे हालातों में जी रहे हैं, काम कर रहे हैं और सेवा कर रहे हैं जिन्हें वे बिल्कुल नहीं चाहते। कुछ लोग अपनी नौकरी से नफरत करते हैं, अपने प्राथमिक संबंधों से असंतुष्ट हैं, या अपने जीवन के उद्देष्यों में संतोष नहीं करते, जबकि परमेष्वर उनके जीवन के लिए अपनी इच्छा, अपने उद्देष्य और अपनी योजना के लिए उनके हृदय में चाहत पैदा करना चाहता है। परमेष्वर ने कभी नहीं चाहा कि आप अपना जीवन इस आषा में जीएं कि काष मैं कुछ और कर सकता। उसके पास एक योजना है, उसके पास एक उद्देष्य है और वह आपके हृदय के मनोरथों को पूरा करेगा। आज उसे ढूँढें। जब तक वह मिल सकता है, उसे पुकारें। यहोवा को अपने आनन्द का मूल जानें और वह आपके सब मनोरथों को पूरा करेगा और याद रखें कि जीवन की सबसे महान यात्रा चाहत से आरम्भ होती है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, मैं अपने मार्ग आपको सौंपता हूँ। मेरे विचारों को स्थिर करें और मेरे जीवन के लिए आपके मनोरथों को मेरे हृदय और मेरे मन में डालें। मैं आपको अपने आनन्द का मूल जानता हूँ, आप मेरी आषा पूरी करें ताकि मैं अपने जीवन और आपकी सेवा में खुष रह सकूँ।

*आज के लिए वचन*

भजन 37:4 यहोवा को अपने सुख का मूल जान, और वह तेरे मनोरथों को पूरा करेगा।

मरकुस 8:34 उस ने भीड़ को अपने चेलों समेत पास बुलाकर उन से कहा, जो कोई मेरे पीछे आना चाहे, वह अपने आपे से इन्कार करे और अपना क्रूस उठाकर, मेरे पीछे हो ले।

edit copy

नीतिवचन 13:12 जब आशा पूरी होने से विलम्ब होता है, तो मन शिथिल होता है, परन्तु जब लालसा पूरी होती है, तब जीवन का वृक्ष लगता है।

1 पतरस 2:2 नये जन्मे हुए बच्चों के समान निर्मल आत्मिक दूध की लालसा करो, ताकि उसके द्वारा उद्धार पाने के लिये बढ़ते जाओ।

### *परमेष्वर क्रम का परमेष्वर है ... जीवन के लिए योजना की आवष्यकता पड़ती है*

जब परमेष्वर ने आकाष और पृथ्वी की रचना की और पृथ्वी को वनस्पति और पषुओं से भर दिया, वह क्रमानुसार, एक योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा था, ताकि ज़िंदगी बची रहे – उसकी संतान और आने वाले संसार की ज़िंदगी। परमेष्वर क्रम का परमेष्वर है। डी एन ए किसी आकस्मिक घटना या बार बार होने वाली गड़बड़ी का परिणाम नहीं है; बल्कि जीवन का अस्तित्व परमेष्वर का दिव्य क्रम है। जीवन के लिए योजना की आवष्यकता पड़ती है, जन्म लेने के लिए और भरपूरी का जीवन जीने के लिए भी। क्या आपके जीवन के लिए आपके पास कोई योजना है? क्या आपकी योजना परमेष्वर की योजना है?

क्रमहीन जीवन योजनाहीन जीवन के समान गड़बड़ी वाला होता है। आज, परमेष्वर आपके भविष्य के लिए आपको एक दर्षन देना चाहता है और उस भविष्य की ओर उठाया जाने वाला पहला कदम भी दिखाना चाहता है। यदि आप उसे पुकारें, तो वह आपको उत्तर देगा और आपको आने वाली बड़ी और सामर्थी बातें दिखाएगा। अपने जीवन के लिए परमेष्वर की योजना को सुनिष्चित कर लें।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रिय परमेष्वर, मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप मेरे कदमों में क्रम लाएं और मुझे वह मार्ग दर्षाएं जिस पर मुझे चलना चाहिए और वह भविष्य जो मुझे अपनाना चाहिए। मैं विनती करता हूँ कि आप इसे मुझ पर प्रकट करें ताकि मैं अपना अगला कदम आत्मविष्वास के साथ उठा सकूँ।

*आज के लिए वचन*
यिर्मयाह 29:11 क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएं मैं तुम्हारे विषय करता हूँ उन्हें मैं जानता हूँ, वे हानी की नहीं, वरन कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूंगा।

1 कुरिन्थियों 14:40 पर सारी बातें सभ्यता और क्रमानुसार की जाएं।

भजन 119:133 मेरे पैरों को अपने वचन के मार्ग पर स्थिर कर, और किसी अनर्थ बात को मुझ पर प्रभुता न करने दे।

भजन 37:23 मनुष्य की गति यहोवा की ओर से दृढ़ होती है, और उसके चलन से वह प्रसन्न रहता है।

### *मन के लिए, मन में एक युद्ध चलता है*

2 कुरिन्थियों 10 में, पवित्रषास्त्र हमें प्रोत्साहित करता है कि हम अपने युद्ध के आत्मिक हथियारों का उपयोग करें जो परमेष्वर के द्वारा सामर्थी हैं और गढ़ों को ढा देने में सक्षम हैं। अगली आयतों में हमें बताया गया है कि हमें अपने आत्मिक हथियारों से निषाने कहां लगाने हैं। यहां पर हमें शैतान, अंधकार की दुष्टात्माओं या हमारे प्राण के किसी बाहरी शत्रु से युद्ध करने के लिए नहीं कहा गया है। बल्कि इन आत्मिक हथियारों का निषाना हमारा मन है। परमेष्वर चाहता है कि हम अपनी कल्पनाओं, हमारे ज्ञान और अनुभव की नींव और हमारे विचारों के जीवन पर निषाना लगाएं। हमें कहा गया है कि हम प्रत्येक कल्पना और हर उस बात को ढा दें जो परमेष्वर के ज्ञान का विरोध करती है और प्रत्येक विचार को बन्दी बनाकर मसीह का आज्ञाकारी बनाएं। एक युद्ध निरंतर चल रहा है और हमारा कर्त्तव्य अपने आत्मिक हथियारों को

edit copy

उन बातों से युद्ध करने के लिए प्रषिक्षित करना है जो हमारे मन को परमेष्वर से दूर ले जाती हैं। अपने आप से बोलें ... इस युद्ध को जीतें ... जो सबसे बड़ी आत्मिक युद्धभूमि अर्थात् आपके मन में हो रहा है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, मेरे मन को बल दें ताकि यह आपके शत्रुओं के विचारों का सामना कर सके। मुझ पर अपने उद्धार को टोप पहनाएं ताकि मैं अपने मन की कमर कस लूँ और अपने शत्रुओं को कोई गढ़ न बनाने दूँ। मुझे अपना सत्य सिखाएं ताकि मैं अन्य सभी कल्पनाओं को ढा दूँगा। यह मेरी जिम्मेदारी है। इसे पूरा करने में मेरी सहायता करें।

*आज के लिए वचन*

2 कुरिन्थियों 10:3—5 क्योंकि यद्यपि हम शरीर में चलते फिरते हैं, तौभी शरीर के अनुसार नहीं लड़ते। क्योंकि हमारी लड़ाई के हथियार शारीरिक नहीं, पर गढ़ों को ढा देने के लिये परमेश्वर के द्वारा सामर्थी हैं। सो हम कल्पनाओं को, और हर एक ऊंची बात को, जो परमेश्वर की पहिचान के विरोध में उठती है, खंडन करते हैं; और हर एक भावना को कैद करके मसीह का आज्ञाकारी बना देते हैं।

रोमियों 12:1—2 इसलिये हे भाइयों, मैं तुम से परमेश्वर की दया स्मरण दिला कर बिनती करता हूं, कि अपने शरीरों को जीवित, और पवित्र, और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओः यही तुम्हारी आत्मिक सेवा है। और इस संसार के सदृश न बनो; परन्तु तुम्हारी बुद्धि के नये हो जाने से तुम्हारा चाल—चलन भी बदलता जाए, जिस से तुम परमेश्वर की भली, और भावती, और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो।

### ***आत्माएं जीतने से परमेष्वर का राज्य जुड़ेगा जबकि षिष्य बनाने से परमेष्वर का राज्य बहुगुणित होगा***

एक पुरानी कहावत बहुत ही स्पष्ट है, ”किसी व्यक्ति को एक मछली देने से आप उसे एक दिन भोजन खिलाते हैं, परन्तु उसी व्यक्ति को मछली पकड़ना सिखा देने से आप उसे जीवनभर भोजन खिलाते हैं।” यही सत्य हम जोड़ और गुणन के सिद्धांत की भिन्नता में देखते हैं। यदि हम दो अंकों का जोड़ करें तो उसका परिणाम उनके गुणन से कहीं कम होगा। शायद इसी कारण परमेष्वर ने सभी विष्वासियों से कहा है कि सारे संसार में जाओ और षिष्य बनाओ। यदि एक षिष्य तैयार हो जाए तो वह दूसरों को षिष्य बनाने के द्वारा निरंतर फल लाता रहेगा और परमेष्वर का राज्य बहुगुणित होगा और भविष्य में भी निरंतर बढ़ते रहना सुनिष्चित हो जाएगा। प्रत्येक विष्वासी को आत्माएं जीतने वाला बनना है परन्तु आत्माएं जीतना तो केवल आरम्भ है। हम जिम्मेदार हैं कि इन नए विष्वासियों को भी आत्माएं जीतना सिखाएं। महान आदेष के लिए समर्पित हों और परमेष्वर के राज्य के प्रसार की योजना में हिस्सेदार बनें। षिष्य बनाएं और उन्हें दूसरों के लिए वह सबकुछ करना सिखाएं जो आपने उनके लिए किया है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, मेरी प्रार्थना है कि मैं निरंतर बुद्धिमान बना रहूँ और आपके राज्य के लिए आत्माएं जीतता रहूँ। तथापि, हे प्रभु, मुझे प्रोत्साहित करें कि मेरा प्रभाव वहीं न रूक जाए। मुझे अनुग्रह दें कि मैं षिष्य तैयार करूँ जो प्रभु यीषु के वापस आने तक अपनी पीढ़ी में आपके राज्य का कार्य निरंतर करते रहें।

*आज के लिए वचन*

नीतिवचन 11:30 धर्मी का प्रतिफल जीवन का वृक्ष होता है, और बुद्धिमान मनुष्य लोगों के मन को मोह लेता है।

2 तीमुथियुस 2:2 और जो बातें तू ने बहुत गवाहों के साम्हने मुझ से सुनी है, उन्हें विश्वासी मनुष्यों को सौंप दे; जो औरों को भी सिखाने के योग्य हों।

edit copy

मत्ती 28:19–20 इसलिये तुम जाकर सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो। और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें आज्ञा दी है, मानना सिखाओः और देखो, मैं जगत के अन्त तक सदैव तुम्हारे संग हूं।

edit copy